हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 01 अंक–98 : जौनपुर, सोमवार 12 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण उत्सव कल : होगा भव्य और अद्भुत आयोजन

वाराणसी ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण उत्सव सिर्फ काशी ही नहीं, पूरी दुनिया देखेगी। लोकार्पण उत्सव पर त्रैलोक्य के स्वामी भगवान शंकर की भव्य और अद्भुत बरात निकलेगी। मैदागिन से लेकर गंगा घाट तक कल यानी 13 दिसंबर को होने वाला उत्सव देश ही नहीं, दुनिया भर के श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। मिनी भारत कहलाने वाली काशी में राजराजेश्वर के धाम के लोकार्पण उत्सव पर होने वाले आयोजनों में सर्वसमाज की भागीदारी होगी। ना भूतो ना भविष्यति की तर्ज पर लोकार्पण उत्सव को भव्य बनाने की तैयारी है। विभिन्न आयोजनों में सर्वसमाज की भागीदारी होगी। प्रदेश सरकार के निर्देश पर मंदिर प्रशासन की ओर से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बाबा विश्वनाथ का धाम वेदमंत्रों से गूंजेगा। कई संत, महात्मा और धर्माचार्य भी इस आयोजन के साक्षी बनेंगे। मंदिर प्रशासन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम को बीते साल ही मूर्त रूप दे दिया गया है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और अधिकारियों की टीम ने दिन रात मेहनत करते हुए ध ााम को भव्य रूप प्रदान किया। 13 दिसंबर 2021 को पीएम मोदी के हाथों इसका लोकार्पण किया गया था। इसके बाद काशी में धार्मिक पर्यटन को मानो पंख लग गए हैं। कभी मात्र तीन हजार वर्ग फुट क्षेत्रफल में फैला मंदिर परिसर आज लगभग पांच लाख वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र में भव्य आकार ले चुका है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण को एक वर्ष पूर्ण होने का उत्सव 13 दिसंबर को काशीवासी मिलकर मनाएंगे। आदिविश्वेश्वर शिव की नगरी में लोकार्पण उत्सव का उल्लास काशीवासियों के सिर चढ़कर बोलेगा। अस्सी से आदिकेशव घाट के बीच बसने वाला सर्वसमाज लोकार्पण उत्सव पर निकलने वाली शिव बरात में बराती होगा। इसमें मारवाड़ी, गुजराती, सिंधी, पंजाबी, दक्षिण भारतीय समाज सहित विदेशी मेहमान भी शामिल होंगे। मैदागिन से चितरंजन पार्क तक निकलने वाली शिव बरात में लाग विमान, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां और झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। शिव बरात समिति के दिलीप सिंह ने बताया कि लोकार्पण उत्सव के अवसर पर शिव बरात की यह नई परंपरा आरंभ हो रही है। बाबा विश्वनाथ से जुड़े उत्सव की यह दूसरी शिव बरात होगी, जो अब हर साल काशी में निकाली जाएगी। पहले लोकार्पण उत्सव को भव्य और दिव्य बनाने के लिए सर्वसमाज के साथ ही काशी की संस्थाओं, लोक कलाकारों को जोड़ा गया है। कल काशीवासी जहां बाबा विश्वनाथ की शोभायात्रा निकालेंगे, वहीं मंदिर परिसर वेदमंत्रों से गुंजायमान होगा। मंदिर में हवन, पूजन से लेकर गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध ा करेगी। शाम को पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल के भजनों की सुर सरिता में भक्त गोते लगाएंगे। आयोजन में साधु, संतों के अलावा काशी के गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि श्रीकाशी विश्वनाथ ध ााम के लोकार्पण के एक साल पूरा होने पर 13 दिसंबर को 11 बजे से धाम में हवन पूजन का आयोजन किया गया है। श्री काशी विश्वनाथ न्यास परिषद की अध्यक्षता में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का सांस्कृ तिक और आध्यात्मिक प्रभाव विषय पर संगोष्ठी होगी। मंगलवार को मैदागिन से चितरंजन पार्क तक निकलने वाली शोभायात्रा में काशी की सड़कों पर लघु भारत का नजारा जीवंत होगा। शिवोत्सव में उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक की संस्कृतियों के विविध रंग एकाकार होंगे। एक हजार महिलाएं भी इस शोभायात्रा में शामिल होंगी। मैदागिन से शोभायात्रा आरंभ होगी। इसमें 35 झांकियों के साथ काशी की जनता, साहित्यकार, वकील, चिकित्सक के साथ ही सभी समाज के लोग शामिल होंगे। असम, सोनभद्र, बुंदेलखंड एवं गोरखपुर के लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। श्री काशी विश्वनाथ धाम के एक साल पूर्ण होने पर काशी में शिवोत्सव की शुरुआत हो रही है जो हर साल जारी रहेगी।

## रिजेंसी हॉस्पिटल व आईरा प्रेस क्लब के संयुक्त तत्त्वधान में निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का हुआ आयोजन

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : जनपद कानपुर के अंदर निकट अजमेरी होटल चमनगंज सफियाबाद मस्जिद के सामने ऑल इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन (आईरा) एवं रीजेंसी हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कैंप दिनांक 10 दिसंबर दिन रविवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर के 2:00 बजे तक आईरा प्रेस क्लब मैं आयोजित किया गया जहां पर रीजेंसी अस्पताल के सीनियर डॉक्टरों द्वारा निशुल्क लोगों का चेकअप किया गया इससे पहले भी आईरा प्रेस क्लब द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा कैंप लगवाया जा चुका है जहां पर फ्री में आंखों की जाच करवाई गई थी एक बार फिर दोबारा ऑल इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन (आईरा) प्रेस क्लब द्वारा एवं रीजेंसी हॉस्पिटल के सीनियर डॉक्टरों द्वारा निशुल्क विशाल कैंप का आयोजन किया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा ब्लड प्रेशर डायबिटीज थाइरॉएड कमजोरी ह्रदय रोग पेट के रोग सिर दर्द बुखार सांस लेने में परेशानी इत्यादि इत्यादि लोगों की जांच फ्री में की गई एवं उनको उचित दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई आईरा प्रेस क्लब मैं लगे हुए निशुल्क कैंप में लोगों ने भारी मात्रा में आकर अपने आप को डॉक्टरों को



दिखाया जहां पर उनको उचित उपचार मिला ऑल इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन (आईरा) प्रेस क्लब एवं रीजेंसी हॉस्पिटल के दोनों के संयोजन से इनमें सम्मिलित लोगों में रीजेंसी हॉस्पिटल के डॉ वैभव गुप्ता, डॉक्टर सौम्या, डॉक्टर अतुल त्रिपाठी, रिजेंसी स्टाफ प्रभात,आकिफ अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे एवं आईरा प्रेस क्लब की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष फैसल हयात, जिलाध्यक्ष सतेंद्र पाल विनायक, जिला महामंत्री जहीर खान वरिष्ट उपाध्यक्ष सूरज वर्मा, उपाध्यक्ष अनुशासन अमित ठाकुर , मंडल कार्यकारिणी, जिलानी लियाकती, मेराज, फैसल निहाल, मो. उमर, सय्यद आरिफ , शानू खान, राहुल कश्यप, अमित कौशल, अमित शुक्ला,दानिश खान शावेज आलम, मोहम्मद ताल्हा, सुभाष, रेहान, पूजा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## दीनदयाल फाउंडेशन संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा जरूरतमंद लोगों को बांटा गया कंबल

गोरखपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : दीनदयाल फाउंडेशन की टीम गोरखपुर के द्वारा सैकड़ों जरूरतमंदो को इस भयानक



ठण्ड से बचने के लिए कंबल वितरण किया गया। गोरखपुर जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना तिवारी, श्रीमती रीता तिवारी जिला प्रभारी, अंजनी त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष, पुनीता मिश्रा, अर्चना पाण्डेय , प्रेमलता सिंह, बिंदु मिश्रा, अंशु त्रिपाठी, ज्योति विश्वकर्मा, मीना मिश्रा, अनीता शाही, एवं मीना देवी का संस्था द्वारा विशेष आभार एवं संस्था अध्यक्ष हेमन्त पाण्डेय एवं उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी की तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएँ इस सराहनीय कार्य के लिए संस्था के सभी पदाधिकारी की सक्रियता यह बयां करती है की '' खामोश नही रहने वाले हम तो सेवक हैं जन जन के , आँसू ना कभी बहने देंगे हम सच्चे सिपाही दीनदयाल फाउंडेशन के '' ' बहुत खुसी की बात है की जहाँ किसी को एक परिवार पालना मुस्किल हो जाता है वहीं संस्था दीनदयाल फाउंडेशन के पदाधिकारी पूरे समाज का पालन पोषण कर रहे हैं जो अत्यंत पिछड़े गरीब तबके के लोग हैं।

## मेजर सैय्यद अबुल कासिम की मजलिसे तरहीम मस्जिद अल्लाह हू अकबर जाजमऊ में हुई संपन्न

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर हुसैनी फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी हाजी कमर आब्दी के दामाद थे , और खानदाने इज्तिहाद के धार्मिक विद्वान मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी के भांजे मेजर सै0 अबुल कासिम जैदी जो कि जवानी मे इस दुनिया से चल बसे । भांजे मेजर सैव अबुल कासिम जैदी अपने छोटे से जीवन में भारतीय फौज मे पहले लेफ्टिनेंट फिर कैप्टन का पद हासिल करते हुए भारतीय सेना में मेजर के पद तक पहुंचे थे और इस समय लद्दाख में तैनात थे। मेजर अबुल कासिम बचपन से ही शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत कर रहे थे। बीटेक 23 साल की उम्र मे पूरा करने के बाद उसी साल भारतीय सेना में तैनात हुए। सेना में पदस्थापित होने के बाद भी वे लगातार परीक्षा देकर पदोन्नति के स्तर की ओर बढ़ रहे थे और इसी वर्ष उन्होंने समपनजपदमदज बवसवदंस की परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसके बाद करनल के पद को पाने वाले थे । लेकिन आयु की कमी के कारण अभी यह पद नही मिला था। 22 अक्टूबर 2022 को अपने परिवार से मिलने के लिए छुटटी लेकर लद्दाख से घर आए इसी बीच वे डेंगू की बीमारी




से पीड़ित हो गए और एक छोटी सी बीमारी के बाद उनका इंतेकाल हो गया। तरहीम की मजलिस की मस्जिद अल्लाह हो अकबर जाजमऊ में हुई मजलिस का आगाज तेलावते कलामे पाक से हुआ। मजलिस को मौलाना सैयद रजा हैदर जैदी ने खेताब किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से हुसैनी फेडरेशन के चेयरमैन कबीर जैदी, परवेज जैदी, रईसुल हसन, रजि अब्बास, इब्ने हसन जैदी, डॉक्टर जुल्फिकार अली रिजवी, हाजी मुंसिफ अली रिजवी आदि सम्मिलत हुये।

## उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सदैव जागरूक रहना चाहिए –डॉ सुशील चंद्र त्रिवेदी ''मधुपेश''

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित वयोश्रेष्ठ मन्दिरम् (वृद्धाश्रम) अल्लीपुर, हरदोई में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन सीतापुर आंख चिकित्सालय, सीतापुर के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन पुष्पार्चन किया गया । डॉ. एस.के. पांडे के द्वारा संस्थान परिचय मे संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं परियोजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा संस्थान सेवा के क्षेत्र में विगत 40 वर्षों से अनवरत कार्य कर रहा है। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में भी अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है ।संस्थान को सेवा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए वयोश्रेष्ठ सम्मान राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत किया जा चुका है जो कि अपने आप में एक उपलब्धि है ऐसे ही कार्यक्रमों का संचालन संस्थान अनवरत करता चला आ रहा है ।ब्रह्माकुमारी ईश्वर विश्वविद्यालय माउन्ट आबु राजस्थान से पधारे मुख्य अतिथि मोटिवेशनल स्पीकर शिक्षाविद डॉ ओमकार नाथ वर्मा ने कहा व्यक्ति 3 तरीके से दुखी है एक वह जो अपने से दुखी है जैसे कोई किसी को कोई रोग है दूसरी बार जिसके पास संसाध ान नहीं है इसलिए वह जो इसीलिए किसी घृणा तृष्णा के कारण दुखी है इसलिए मन को खाली ना रखें खाली मन शैतान का घर कहा गया है भगवान ने संसार में विशेष आपको बनाया है इसलिए भगवान का धन्यवाद करें और आप से अच्छा कार्य कोई नहीं कर सकता या हमेशा अपने मन में विचार बनाए रखें तो बहुत अच्छे हो तो बहुत कुछ कर सकते हो ऐसी धारणा अपने अंदर रखें अगर कभी आपके साथ कुछ बुरा होता है तब ईश्वर को धन्यवाद दें शायद आप अगर परीक्षा में फेल होते हैं तो ईश्वर को धन्यवाद दे शायद ईश्वर ने आपके लिए कुछ अच्छा ऊंचा सोच रखा है ऐसी धारणा बनाए रखने पर आप हमेशा जीवन में सकारात्मक बने रहेंगे और सकारात्मक रहेंगे तो आपकी



उन्नति निश्चित है कहा किसी ने कहा है कि मैं खिड़की से देख रहा था नीचे कीचड़ ऊपर आसमान देखा किसी ने कीचड़ में कमल देखा किसी ने चांद में दाग देखा यह बात मनुष्य के व्यक्तित्व के विचारों पर निर्भर करती है दूसरे की बातों पर ध्यान ना दें और आप को भगवान ने भेजा है उसे पूरा करें राम किशोर शुक्ला कहा कि यह नेत्र शिविर वर्ष में दो बार कराया जाता है और मैं इस संस्थान का ऋणी हूं जिसका अनवरत सहयोग मिलता रहा है यह संस्थान सेवा के क्षेत्र में समाज में अग्रणी भूमिका निभा रहा है जिसका श्रेय डॉक्टर सुशील चंद्र त्रिवेदी मधुपेश जी को जाता है उन्होंने कहा कि एक शम्मा अंधेरे में जलाए रखिए आश सुबह होने की लगाए रखिए कौन जाने की व्यक्ति किस तरह से गुजर जाए हर राह को फूलों से सजाए रखें इसी आशा के साथ उन्होंने संस्थान को का कोटि–कोटि आभार व्यक्त किया इस अवसर पर संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि या संस्थान सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है डॉ सुशील चंद्र त्रिवेदी मधुपेश ने कहा कि आप जो है वह ईश्वर का वरदान है और इसे ईश्वर की आशा के अनुरूप बनाए रखें जीवन में किसी को प्रेरणा स्रोत जरूर बनाएं और सदैव अच्छाई के रास्ते पर चलें हमें जीवन में जो भी करना है अच्छाई का कार्य करना है और अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सदैव जागरूक रहना है इसके पश्चात समस्त आए हुए चिकित्सकों ने नेत्र परीक्षण प्रारंभ किया जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए कुल 320 व्यक्तियों ने नेत्र परीक्षण कराया तथा ऑपरेशन कराने के इच्छुक व्यक्ति बस के द्वारा सीतापुर आंख अस्पताल के लिए भेजें जाएंगे जिनका अस्पताल में ऑपरेशन कार्य किया जाएगा तथा वापस बस के द्वारा दिनांक 14:12 2022 को वापस आएंगे कार्यक्रम का संचालन सार्वजनिक शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य पूर्णिमा त्रिवेदी ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## बच्चों को किया भोजन दान : अपील अपने भोजन को सही स्थान पर भेजने का कष्ट करें –रामानंद सैनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मानव धर्म मंदिर के संस्थापक तथा त्रिवेणी वस्त्र बैंक के संचालक रामानंद सैनी ने झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब बच्चों को अपनी धर्मपत्नी मंजू सैनी और बेटा ईशांत सैनी के साथ भोजन दान किया । लगभग 100 बच्चों और महिलाओं को सब्जी पूरी वितरित करते उन्होंने कहा कि महीने में एक बार झुग्गी झोपड़ियों में भोजन दान करने की मेरी योजना है। जिसे मैं पिछले कई वर्षों से निभा रहा हूं । भविष्य में इसे और तेजी के साथ शुरू करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर उनकी पत्नी मंजू सैनी बुजुर्ग महिलाओं को भोजन दान देते हुए उनसे आशीष मांगा कि हम भविष्य में भी इसी प्रकार से आप लोगों के लिए प्रयास करते रहे । बताते चलें कि त्रिवेणी वस्त्र बैंक के माध्यम से न सिर्फ कपड़ों का वितरण किया जाता है बल्कि रामानन्द सैनी द्वारा भोजन भी गरीबों को उपलब्ध कराया जाता है। यह कार्य स्वयं अकेले मंजू



जी अपने हाथों से खाना बनाकर संपन्न करती है। वस्त्र बैंक के संस्थापक रामानंद सैनी ने लोगों से कहा कि अगर किसी के यहां बारात में या किसी भी शुभ कार्य अथवा पार्टी में भोजन बच जाता है तो वह उसे फेंके नहीं बल्कि हमें सूचित करें। हम उस भोजन को गरीबों तक पहुंचाने का काम करेंगे। हमें 9336472080 फोन पर सूचित कर के अपने भोजन को सही स्थान पर भेजने का कष्ट करें। इससे एक तो भोजन उपयोग में आ जाएगा और मानवता के नाते आपका अपना कर्तव्य भी पूरा हो जाएगा।

## लखनऊ व्यापार मंडल कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक व्यापार मंडल कार्यालय लाटूश रोड पर राजेंद्र कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें जीएसटी विभाग के द्वारा



बाजारों में किए जा रहे सर्वे छापे के विरोध में व्यापारियों में काफी आक्रोश देखने को मिला लखनऊ व्यापार मंडल ने सभी स्थानीय संगठनों को दिशा निर्देश दिया कि यदि बाजारों में सर्वे छापे करने अधिकारी आते हैं तो उन अधिकारियों को घेर कर विरोध प्रदर्शन करें किसी भी कीमत पर सर्वे छापे बर्दाश्त नहीं होंगे हम सब व्यापारी सेल टैक्स से लेकर आज तक सर्वे छापे का ही विरोध करते आ रहे हैं सभी व्यापारी सर्वे छापे के विरोध में लामबंद है सभी बाजारों में सर्वे छापे के विरोध में दुकानों में पंपलेट लगाए जाएंगे बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्र कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता कार्यवाहक अध्यक्ष सतीश अग्रवाल संसदीय महामंत्री विनोद अग्रवाल महामंत्री अभिषेक खरे पवन मनोचा वरिष्ठ मुख्य उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता सीपी अग्रवाल जितेन सिंह चौहान अरुण अवस्थी रविंद्र गुप्ता मनीष गुप्ता सुमित गुप्ता शिशिर अग्रवाल शेर सिंह चौहान विनय गुप्ता नीरज कोचर महेश गुप्ता केदारनाथ बाजपेई सतीश मिश्रा इंद्रजीत सिंह चौहान निलेश टाटा नितिन जैन गोपाल दीक्षित अतुल त्रिपाठी अभिनव गुप्ता रमेश शर्मा प्रशांत गुप्ता ऋषभ गुप्ता लल्लन यादव अनुराग साहू मनीष अरोड़ा विनय शुक्ला सुमित विजय कुमार निर्माण मोहम्मद जुबेर नसीम दाऊ दयाल अग्रवाल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जिस हाथ से अच्छा कार्य हो, वह हाथ तीर्थ है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# उम्मीद की किरण, सत्ता–विरोधी लहर को चुनौती

बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने ओडिशा में 2000 से लगातार पांच विधानसभा चुनाव जीते हैं। लेकिन सबसे दर्शनीय और निरुत्साहित करने वाली जीत निश्चित रूप से भाजपा की है।

अतीत के अनेक चुनावों में सत्ता–विरोधी लहर को पार्टी की गर्दन पर बोझ की तरह समझा जाता था। वर्ष 1967 में जब कांग्रेस के वर्चस्ववाद का दौर खत्म हुआ और कई राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों के हाथों कांग्रेस की हार हुई, तब गैरकांग्रेसी पार्टियां सत्ता में आईं। जबकि केंद्र में गैरकांग्रेसी सरकार वर्ष 1977 में आई। राज्यों में वैकल्पिक सरकारों की शुरुआत केरल से हुई। 1990 के दशक से हम राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में वैकल्पिक सरकारें देख रहे हैं।

सत्ता–विरोधी लहर को चुनौती

अलबत्ता ऐसे एकाधिक कद्दावर नेताओं का उदाहरण हमारे सामने है, जिन्होंने सत्ता–विरोधी लहर को चुनौती दी। यानी उन पर सत्ता–विरोधी लहर का असर नहीं होता था। अन्नाद्रमुक नेता एमजी रामचंद्रन ने 1977 से 1987–यानी अपनी मृत्यु तक तमिलनाडु में लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीते। अन्नाद्रमुक ने फिर लगातार तीन बार 2011, 2016 और 2021 में विधानसभा चुनाव जीता। बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने ओडिशा में 2000 से लगातार पांच विधानसभा चुनाव जीते हैं। लेकिन सबसे दर्शनीय और निरुत्साहित करने वाली जीत निश्चित रूप से भाजपा की है, जो गुजरात में लगातार सात विधानसभा चुनाव जीत चुकी है, और वर्ष 2002 से भाजपा यह उपलब्धि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, पहले मुख्यमंत्री और फिर पार्टी के निर्विवाद सबसे बड़े नेता के तौर पर– हासिल करती आ रही है। ऐसा लगता है कि कुछ स्थितियों में, और कुछ खास नेताओं के लिए सत्ता में होना कमजोरी के बजाय उनकी ताकत साबित हुआ है। राजनीतिक विश्लेषकों, सामाजिक मनोवैज्ञानियों और चुनाव विश्लेषकों को इस प्रवृत्ति पर सावधानीपूर्वक शोध करना चाहिए।

इस मामले में मेरा सरसरी विश्लेषण यह है–

1. पांच साल तक सत्ता में रहने वाली पार्टियां चुनाव में खर्च करने के लिए अकूत मात्रा में धन इकट्ठा कर लेती हैं। यह अपेक्षाकृत नई प्रवृत्ति है। के कामराज, एस निजलिंगप्पा, के ब्रह्मानंद रेड्डी, ईएमएस नंबूदिरीपाद, हितेंद्र देसाई, वाई वी चव्हाण, मोहनलाल सुखाड़िया या ज्योति बसु जैसे दिग्गज जब सत्ता में थे, तब इस प्रवृत्ति के बारे में सुना भी नहीं गया था। 2. सत्ता में रहने वाली पार्टियां नौकरशाही, खासकर पुलिस बल, का राजनीतिकरण करने से नहीं हिचकतीं। दूसरे किसी भी राज्य की तुलना में गुजरात और उत्तर प्रदेश में यह प्रवृत्ति सबसे ज्यादा देखी जा सकती है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के रामपुर विधानसभा के उपचुनाव में लगभग 32 फीसदी वोटिंग हुई, पर उसी राज्य के खतौली में 56 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि मैनपुरी लोकसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में करीब 53 फीसदी वोटिंग हुई। समाजवादी पार्टी का आरोप है कि पुलिस की सक्रिय भूमिका के कारण ही रामपुर में वोटिंग इतनी कम हुई।

तकनीक और ताकत का जोड़

3. चतुर और दूरदर्शी राजनीतिक पार्टियों ने अपने संगठन को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए तकनीक का प्रयोग किया है। भाजपा और कुछ दूसरी पार्टियां बूथ कमेटियां बनाने में सफल हुई हैं, ताकि मतदान के दिन चुनाव प्रबंधन किया जा सके। भाजपा तो मतदाता सूची के हर पन्ने का प्रबंधन करती है, ताकि प्रत्येक मतदाता को चुनावी बूथ तक लाया जा सके।

4. जिन सत्तारूढ़ पार्टियों का शक्तिशाली संगठन है, वे अपने संगठन को बाहुबलियों के जरिये भी मजबूत करते हैं। चुनाव से पहले दूसरी पार्टियों के मौजूदा विधायकों और कुख्यात बाहुबलियों को सत्तारूढ़ पार्टी में आने के लिए बहलाया जाता है। पैसा तो इसमें बड़ी भूमिका निभाता ही है। लेकिन पैसे से भी ज्यादा घोटालों आदि में चल रही जांच से बचाने या अभयदान देने की गारंटी भी नेताओं के दलबदल की एक बड़ी वजह है। घोटालों में फंसा नेता अगर पाला बदल कर सत्तारूढ़ पार्टी में जाता है, तो उसके खिलाफ चल रही जांच अचानक बंद हो जाती है।

5. सत्तारूढ़ पार्टी पिछले कुछ वर्षों से धर्म का इस्तेमाल ध्रुवीकरण के औजार के रूप में कर रही है। ऐसा कहीं खुले रूप में और निर्लज्ज तरीके से किया जाता है, तो कहीं बारीक रूप से। उदाहरण के लिए, भाजपा ने गुजरात में 2012, 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में, और उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में मुस्लिम समुदाय के किसी व्यक्ति को टिकट नहीं दिया, जबकि गुजरात और उत्तर प्रदेश में मुस्लिम वहां की आबादी के क्रमशः 9.7 और 20 प्रतिशत हैं। मुस्लिम समुदाय को टिकट न देने से दूसरे समुदाय में संदेश जाता है और इससे ध्रुवीकरण को मजबूती मिलती है।

6. सत्ताधारी पार्टी के कामकाज की विफलता चुनाव प्रचार के शोर–गुल में न सिर्फ गुम हो जाती है, बल्कि भयभीत और चापलूस मीडिया सत्ताधारी पार्टी के कामकाज को बहुत शानदार तरीके से पेश करता है। स्वतंत्र मीडिया अब अतीत की बात है। वस्तुतः सभी मीडिया समूह (टेलीविजन और समाचारपत्र) कॉरपोरेट स्वामित्व वाले और उन्हीं के द्वारा नियंत्रित हैं। सोशल मीडिया तुलनात्मक रूप से आजाद जरूर है, लेकिन वहां फेक न्यूज, फेक वीडियोज, ट्रोल आदि का बोलबाला है।

विजेता हार सकते हैं

मेरा मानना है कि इन सबके अलावा हर राज्य के समाज में अलग–अलग चीजें हैं, जो वहां के लिए विशिष्ट हैं। मेरे मुताबिक, गुजरात और उत्तर प्रदेश में विचित्र किस्म की शांति और खामोशी पसर गई है। क्या यह वही खामोशी है, जिसके बारे में जॉन एफ कैनेडी ने कहा था, 'कब्र जैसी शांति और गुलामों जैसा सन्नाटा?' मुझे उम्मीद है कि ऐसा नहीं होगा। असहमति में उठे स्वरों को सरकार दबाती है, जबकि मीडिया इसका जिक्र ही नहीं करता। अगर मौजूदा प्रवृत्ति हमारे समाज को एक रहस्यमय शांति और खामोशी की ओर ले जाए, तो इसका मतलब यह होगा कि भारत सांविधानिक लोकतंत्र से चुनावी लोकतंत्र की ओर तेजी से बढ़ रहा है। हाल में संपन्न हुए चुनाव विजेता और पराजित, दोनों के लिए सबक हैं। आम सबक यह है कि विजेता के पास मजबूत संगठन, प्रतिबद्ध कैडर के अलावा सफल चुनावी

अभियान और कुशल प्रबंधन है। गुजरात में भाजपा के पास ये चारों चीजें थीं, जिनके कारण उन पर सत्ता–विरोधी लहर का कोई असर ही नहीं हुआ। दूसरी तरफ, हिमाचल प्रदेश के विधानसभा और दिल्ली नगर निगम के चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा को चुनौती देने वाली कांग्रेस और आप के पास भी ये चारों चीजें थीं। इस कारण दोनों जगह भाजपा को सत्ता–विरोधी लहर का नुकसान झेलना पड़ा। तीन जगह हुए तीन चुनावों में तीन राजनीतिक पार्टियों की जीत निराशा के गहन अंधेरे में आशा की किरण की तरह है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## पुरस्कार वितरण के साथ वार्षिकोत्सव का हुआ समापन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के चार दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन बच्चों को पुरस्कार वितरण व प्रशस्ति पत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम के समापन के समय पहुंचे देर रात मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सवायजपुर विधायक मानवेंद्र प्रताप सिंह रानू, सांडी विधायक प्रभास कुमार गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश युवा भाजपा नेता पारुल दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार अभय शंकर गौर ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सामान्य ज्ञान, मेहंदी, सुलेख, रंगोली कलश सज्जा ,खेलकूद आदि लगभग 2 दर्जन से अधिक प्रतियोगिताओं के बच्चों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के साथ–साथ बच्चों को अनुशासन व संस्कार की शिक्षा देने में अग्रणी भूमिका निभाता है। विधायक प्रभास कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह समय–समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भारतीय संस्कृति की झलक साफ दिखती है। विधायक गोपामऊ श्याम प्रकाश ने अपने संबोधन में बच्चों के कार्यक्रमों की जमकर प्रशंसा की तथा कहा कि इस समय इन प्रकार के कार्यक्रमों की बहुत आवश्यकता है जो कि हमारी संस्कृति सभ्यता व संस्कारों को दर्शाते हैं युवा पीढ़ी को इस प्रकार के कार्यक्रम अवश्य देखने चाहिए। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को बधाई दी। वरिष्ठ पत्रकार अभ्यंकर गौड़ व सीएस अकैडमी आशा



के प्रबंधक कमलेश कुमार सिंह ने भी अपने संबोधन में बच्चों के कार्यक्रमों की सराहना की। का वितरण कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका दिव्या सिंह वाह छात्र अर्पित सिंह तथा छात्रा अंजली सिंह ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय प्रबंधक मुकेश सिंह व युवा भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधक अखिलेश सिंह ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी, शिक्षिका अर्पिता सिंह, कविता गुप्ता, रूपाली गुप्ता, विनीता शुक्ला, सोनी तिवारी, सोनम शुक्ला, आरती वर्मा, प्रज्ञा तिवारी, रामप्रकाश पांडेय, उदय शुक्ला, अशोक कुमार गुप्ता देवेश प्रताप सिंह, भूपेश सिंह आदि ने सराहनीय सहयोग किया।

## यूपी में जीएसटी विभाग के छापे रोकने की मांग को लेकर केंद्रीय रक्षा मंत्री से मिला आदर्श व्यापार मंडल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी से दिल्ली स्थित निवास पर उनसे मुलाकात की तथा उत्तर प्रदेश में जी एस टी विभाग द्वारा व्यापारियों के वहां जनरल सर्वे छापे किये जाने की समस्या बताई व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद से श्री राजनाथ सिंह जी को अवगत कराते हुए कहा प्रदेश में जनरल छापो की वजह से प्रदेश के विभिन्न जिलो के व्यापारियों में भय की स्थिति है तथा व्यापारी छापे के डर से दुकानें बंद कर रहे हैं जोकि उचित नहीं है उन्होंने रक्षा मंत्र जी से विषय का संज्ञान लेते हुए हस्तक्षेप करते हुए तत्काल जनरल सर्वे छापे रोकने की मांग की उन्होंने रक्षा मंत्री जी से कहा यदि



किसी व्यापारी की शिकायत हो उसके वहां ही केवल जांच होनी चाहिए संजय गुप्ता ने रक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह सिंह जी ने किसी भी स्तर पर व्यापारियों का उत्पीड़न ना होने का आश्वासन दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर लैंगिक समानता पर आधारित मई वर्थ कार्यक्रम आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था व एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से लैंगिक समानता पर आधारित माई वर्थ कार्यक्रम लखनऊ जनपद के 14 उच्च प्राथमिक विद्यालय व 6 राजकीय विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। मई वर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत चाइल्ड लाइन व वन स्टॉप सेंटर के द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों को जेंडर आधारित हिंसा, बाल अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमे उन्हें उनके अधिकारों,पाक्सो एक्ट , घरेलू हिंसा अधिनियम ,सरकार द्वारा जारी की गई आवश्यक हेल्पलाइन नंबर के बारे एम विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और चाइल्डलाइन 1098 तथा वन स्टॉप सेंटर181 की कार्य प्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी गई । यह कार्यक्रम ( राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोमती नगर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज विकास नगर ,बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज , राजकीय बालिका इंटर कॉलेज इंदिरा नगर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटरा पलटन छावनी ,पूर्व माध्यमिक विद्यालय मटियारी ,पूर्व माध्यमिक



विद्यालय मड़ियांव,पूर्व माध्यमिक विद्यालय गाजीपुर बस्तोली, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेमरा) के 1923 बच्चों के साथ कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान मई वर्थ कार्यक्रम के पियर लीडर, चाइल्डलाइन टीम और वन स्टॉप सेंटर टीम (कृष्णा शर्मा, मनीष कुमार, सोनल श्रीवास्तव ) के अतिरिक्त विद्यालय प्रधानाचार्य ( डा. के. के. शुक्ल, कुसुम वर्मा , डा. शशि कला राय, किरन सिंह ,उपमा देवी, रेखा सिंह, सुमन कनौजिया, शिखा चौधरी , मीना रावत ) तथा मई वर्थ टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## परिवार बोला खाकी ने कायम किया विश्वास : रोनिल सरकार हत्याकांड का हुआ खुलासा

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : 31 अक्टूबर को हुए डॉ वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर श्याम नगर के 12 वी के छात्र रोनिल सरकार की हत्या एवं उसके 35 दिन बाद 7 दिसंबर को पुलिस द्वारा किए गए हत्याकांड के खुलासे से पीड़ित परिवार का भरोसा पुलिस की कार्रवाई से खाकी पर बढा है। पीड़ित परिवार ने शनिवार को पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड से मिलकर उनका धन्यवाद दिया एवं उनके नेतृत्व में खुलासा करने वाली पूरी पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र दिया। इस अवसर पर संजय सरकार (रोनिल सरकार के पिता ) उनकी धर्म पत्नी नीता सरकार , साथ ही सोना चाँदी सर्राफा बाजार के प्रमुख व्यवसायियों / व्यक्तियों एवं कर्मियों के द्वारा इस नृशंस एवम् ब्लाइंड मर्डर में विवेचना तथा गिरफ्तारी करने वाले दल को प्रशस्ति पत्र दिया



गया तथा पुलिस आयुक्त श्री बीपी जोगदण्ड को हृदय से धन्यवाद दिया गया एवं आभार प्रकट किया गया जिनके नेतृत्व में कानपुर पुलिस ने दिन रात मेहनत कर और सभी आधुनिक तकनीक एवम् वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर घटना का खुलासा करके हत्यारे को सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

## विश्वविद्यालय की ऊर्जा का समुचित हो उपयोग –प्रो. निर्मला एस. मौर्य

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार–धनन्जय विश्वकर्मा : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय और गुरुनानक कालेज (स्वात्तशासी) चेन्नई की ओर से चार दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन समारोह सोमवार को आर्यभट्ट सभागार में किया गया है। कार्यशाला का विषय इंटर इंस्टीट्यूशनल एकेडिमिक एंड एडमिस्ट्रेटिव क्वालिटी इंम्प्रूवमेंट है । उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि गुरुनानक कालेज (स्वायत्तशासी) चेन्नई के जनरल सेक्रेटरी मनजीत सिंह नायर ने कहा कि किसी भी संस्था के उन्नयन और विकास में वहां के सभी लोगों की भागीदारी होती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने काम के साथ–साथ यह भी ध्यान देने की जरूरत है कि हम अन्य कितने लोगों को प्रोत्साहित करके सकारात्मक दिशा दिखा सकते हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हमारे काम से समाज का भला हो रहा है कि नहीं। कहा कि किसी भी संस्था का संसाधन ही वहां के विद्यार्थियों को आकर्षित करता है। उन्होंने सलाह दी कि हम जो भी करें उसका डाटाबैंक बनाकर रखें ताकि समय पर उसे प्रस्तुत कर पाएं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि इस विश्वविद्यालय के लोगों में ऊर्जा की कमी नहीं है बस इसका उपयोग कौशल और समुचित ढंग से करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कक्षा विद्यार्थियों में श्रवण, वाचन, पठन और लेखन की आवश्यकता है, ताकि विद्यार्थी के मन में भटकाव न हो। आज की युवा पीढ़ी तेज और बहुत समझदार है बस उसे सिखाने की जरूरत है। चेन्नई आईक्यूएसी की समन्वयक डा. स्वाति पालीवाल ने कहा कि विद्यार्थी को कक्षा की हर चीज जीवन में काम नहीं आ सकती लेकिन वह उसके व्यक्तित्व निर्माण में जरूर सहायक होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की ब्राडिंग उसके शिक्षक और विद्यार्थी से होती है। कार्यशाला की समन्वयक गुरुनानक कालेज चेन्नई की डा. डाली ने कहा कि दोनों संस्था संयुक्त रूप से रिसर्च प्रोग्राम चलाएंगी। विद्यार्थियों को ई दृमेटेरियल उपलब्ध कराएगी। साथ ही शिक्षक, विद्यार्थी और प्रशासनिक अधिकारियों को भी एक– दूसरे के यहां आने जाने का मौका देगी। कार्यशाला में पीयू के समन्वयक डा. मनोज पांडेय ने विश्वविद्यालय का विस्तृत परिचय के साथ कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत आईक्यूएसी सेल के समन्वयक प्रो. मानस पांडेय, संचालन प्रो. मुराद अली और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय द्विवेदी ने किया। गुरुनानक कालेज की ओर से कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, डा. एस. सावित्री, डा. पी. क्रिस्टी, डा. सौम्यकांत सारंगी, डा. विजय कुमार, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. वंदना राय, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, डा. राजकुमार, डा. मनोज मिश्र, प्रो. राकेश यादव,डॉ रिषिकेश, अनुपम कुमार , अभिनव श्रीवास्तव, डॉ. राहुल सिंह, डा. संजीव गंगवार, डा.. रसिकेश, डा. आशुतोष सिंह, डा. प्रमोद कुमार यादव, डा. गिरधर मिश्र, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. अमरेंद्र सिंह, डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. विनय वर्मा, डा. परमेंद्र सिंह, डा. पूजा सक्सेना, डा. आलोक दास आदि उपस्थित थे।

## महाकवि सुब्रह्मण्य भारती की जयंती के अवसर पर मनाया गया राष्ट्रीय भाषा उत्सव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : रविवार को सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में उत्तर–दक्षिण के सेतु के नाम से प्रसिद्ध महाकवि सुब्रह्मण्य भारती की जयंती के अवसर पर भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्रीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने चित्रकला पेंटिंग, निबंध लेखन, एवं भाषण व अन्य गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय भाषा दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया,बताया गया कि यह दिन आधुनिक तमिल कविताओं के अग्रणी कवि सुब्रह्मण्य भारती की जयंती का प्रतीक है,सुब्रह्मण्य भारती ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देश भक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए गीत लिखे थे। एक जारी नोटिस में कहा गया कि यह दिन भाषा सद्भाव और सीखने के लिए एक सहायक माहौल बनाने का दिन है।आपको बता दें कि केंद्र सरकार भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए 22 भाषा केंद्र स्थापित करने जा रही है,अपनी मात्र भाषा में महारत हासिल करने के अलावा अधिक से अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करने के लिए भाषा सदभाव बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। इस आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के तहत छात्रों को भारतीय भाषाओं की जानकारी देने, एवं अन्य भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए प्रोत्साहित करना और सभी क्षेत्रों में अधिक से अधिक भारतीय भाषाओं का उपयोग करने के शैक्षणिक,सांस्कृतिक और आर्थिक लाभों की खोज करना शामिल है। इस अवसर पर शिक्षक एवं छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

## स्कॉलर्स होम को मिला सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर स्थित स्कॉलर्स होम को एजुकेशन टुडे संस्था द्वारा आईसीएसई सिटी वाइज – लखनऊ वर्ग में शहर के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार प्रदान किया गया है। होटल ताज में आयोजित इंडियाज स्कूल मेरिट अवाईस, 2022 में देश के विभिन्न शहरों के चयनित सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार के परिणाम एजुकेशन टुडे के 10वीं वर्षगांठ अखिल भारतीय रैंकिंग संस्करण में प्रकाशित किए जाएंगे। स्कॉलर्स होम स्कूल को जिन पंद्रह मापदंडों के तहत सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया उनमें शैक्षणिक प्रतिष्ठा, शिक्षकों की उन्नति और भलाई, सह–पाठ्यक्रम शिक्षा, खेल शिक्षा, डिजिटल लर्निंग एडवांसमेंट, छात्र उन्नति और सलाह, गुणवत्ता प्रबंधन में नेतृत्व, अभिभावक की भागीदारी, बुनियादी ढांचा, वित्तीय मूल्य, सामुदायिक सेवा, समग्र शिक्षा, छात्रों की मनोवैज्ञानिक भलाई, छात्रों के लिए व्यक्तिगत ध्यान और एकीकृत शिक्षा आदि रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री प्रियंका भारद्वाज ने कहा कि यह




स्कॉलर्स होम के लिए बहुत ही हर्ष और गौरव की बात है कि शहर के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार उसे प्रदान किया गया। डायरेक्टर श्रीमती सरिता जायसवाल ने कहा कि शिक्षा से ही देश महान बनता है और शिक्षित व्यक्ति ही संपन्न राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा चौबीस वर्ष पहले अल्प संसाधनों के साथ स्कूल की शुरुआत हुई थी, जो शैक्षिक गुणवत्ता एवं विश्वासनीयता के कारण ही आज उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सका। इस पुरस्कार को प्राप्त करने में अध्यापकों एवं अभिभावकों का विशेष योगदान रहा।

## स्टडी हॉल वार्षिक खेलकूद दिवस पर (माइक्रो ओलंपिक्स एथलेटिक कम फील्ड डिस्प्ले मीट) सम्पन्न


ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एक लम्बी प्रतीक्षा एवं कोविड के कारण माइक्रो ओलंपिक्स एथलेटिक कम फील्ड डिस्प्ले मीट का आयोजन स्टडी हाल के द्वारा राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान गोमतीनगर में शनिवार दिनांक 10 दिसम्बर 2022 को किया गया। मीट का उद्घाटन मुख्य अतिथि संजय कुमार आईपीएस, डीआईजी, आईटीबीपी लखनऊ सेक्टर द्वारा किया गया । जिन्होंने छात्रों द्वारा प्रभावशाली मार्च पास्ट की सलामी भी ली। कक्षा 8 के छात्र मंगलम को काफी सराहाया गया, इसके उपरांत दोस्ती के छात्रों की गतिविधियों को चीयरलीडर्स से काफी प्रोत्साहन मिला दर्शकों ने भी खूब तालियां बजाईं। बेहतरीन प्रदर्शन के क्रम में कक्षा 6 द्वारा जुम्बाइल और कक्षा 7 द्वारा कथक एवं योग का समागम को काफी सराहा गया। दौड़ में प्रतिभाग करते हुए बच्चों में काफी उत्साह देख लगातार तालियां द्वारा दर्शको ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। युवा जिम्नास्टों के फुर्तीले और लयबद्ध प्रदर्शन ने तो दर्शकों का तो दिल ही जीत लिया। कक्षा 9 के जिंगलिंग झांझ (Jingling Cymbals) की प्रस्तुती के उपरांत ग्रुप




ए की पावनी कारला, कपिल यादव, ग्रुप बी की श्रेयांशी राय, प्रणीत ककड़ ,ग्रुप सी की वानी पुण्डीर,शुभ द्विवेदी को बेस्ट एथलिट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि के आशीषवचन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। खेल का मैदान छात्रों को केवल जीत और हार नही सिखाता बल्कि अनुशासन, सहयोग, समन्वय और सहनशीलता के मूल मूल्यों की भी सीख देता है। उन्होंने यह भी सिखाता है कि यदि उन्हें किसी जगह पर जीत न भी मिले तब भी उन्हें अनुशासित धैर्य एवं सहिष्णुता का प्रदर्शन कर एक पूर्ण लोकतांत्रिक नागरिक बनना है।

# भारतीय भाषा के उन्नयन में महाकवि सुब्रमण्यम भारती का योगदान'' विषय पर हुआ वेबिनार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में रविवार को भारतीय भाषा उत्सव दिवस के अवसर पर जनसंचार विभाग और भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय भाषा के उन्नयन में महाकवि सुब्रमण्यम भारती का योगदान'' विषयक एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया है। यह वेबिनार महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती समारोह पर आयोजित था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राजेश सरकार ने कहा कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती की शिक्षा उनकी इच्छा के विपरीत पिता के दबाव में हुई। इसके बावजूद उन्होंने भारतीय भाषाओं के प्रचार –प्रसार में विशेष भूमिका निभाई। उनकी कविताओं में राष्ट्रभक्ति कूट–कूट कर भरी हुई थी। वह एक कवि होने के साथ–साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार के साथ उत्तर भारत व दक्षिण भारत के मध्य एकता के सेतु के रूप में काम किया, इसलिए उन्हें महाकवि भारतियार के नाम से जाना जाता है। भारतीय भाषा के उन्नयन में उनका विशेष योगदान था। उन्होंने कविता और रचना के माध्यम से सभी भारतीय भाषाओं को छूने की कोशिश की। अध्यात्मिक और वैदिक ग्रंथों का तमिल में अनुवाद कर उन्होंने दक्षिण के लोगों तक राष्ट्रवाद और अध्यात्म को पहुंचाया। यही उनकी रचना के केंद्र में भी रहता था। वह नारी शिक्षा के पक्षधर थे। इस पर उन्होंने पांचाली शपथम् में भी विस्तार से बताया है। बतौर अध्यक्ष विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती दूरदृष्टि वाले थे। 100 वर्ष पहले ही




उनके चिंतन में जो बात थी वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अब आई है। उनकी कविता और रचनाएं सामाजिक सरोकार राष्ट्रवाद और अध्यात्म से जुड़ी होती थी। उन्होंने कहा था कि राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आप की भाषा के साथ अगर हिंदी नहीं जुड़ी है तो आपका ज्ञान अधूरा है। उन्होंने कहा कि भाषा हमें समाज, प्रांत और राष्ट्र से जोड़ती है। इस अवसर पर प्रभारी भाषा केंद्र भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा की डॉक्टर सुसान वर्गीस ने भारतीय भाषा उत्सव दिवस के उद्देश्य एवं दृष्टिकोण पर समग्र रूप से प्रकाश डाला। इस वेबीनार में प्रदेश की अन्य विश्वविद्यालयों में स्थापित भाषा केंद्र के सभी समन्वयक भी प्रतिभाग कर रहे थे। वेबिनार में स्वागत, संचालन और विषय प्रवर्तन कार्यक्रम संयोजक एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र और आभार आयोजन सचिव डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर ढाका की डॉ पूनम गुप्ता, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. मुराद अली, प्रो. राकेश यादव, डॉ सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ.पुनीत धवन, मंगला प्रसाद यादव, डॉ विनय वर्मा, डॉ सुशील कुमार सिंह, डॉ वनीता सिंह और विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# संगत पंगत जौनपुर द्वारा कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित ऑडिटर का सम्मान समारोह तारापुर कॉलोनी में संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संगत पंगत जौनपुर द्वारा कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित ऑडिटर श्री शिवशंकर श्रीवास्तव एडवोकेट का सम्मान समारोह तारापुर कॉलोनी में किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने किया संचालन जिला महासचिव सुलभ श्रीवास्तव ने किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कायस्थ कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष व संगत पंगत के संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव डी ओ ने कहा कि समाज में जो जिस क्षेत्र में आगे बढ़ता है उसका सम्मान करने से पूरे समाज का सम्मान बढ़ता है। संरक्षक आर डी श्रीवास्तव ने कहा कि आज विभिन्न क्षेत्रों में कायस्थ समाज के लोग चुनाव जीतकर लोग आगे आ रहे है जो हर्ष की बात है। राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच के अध्यक्ष दयाशंकर निगम ने कहा कि संगत पंगत के लोग जो समाज के सुखदुःख में शामिल हो कर एक मिसाल कायम कर रहे है। दीवानी अधिवक्ता संघ के ऑडिटर अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि अधिवक्ता समाज ही समाजहित के लिए कार्य करता है। संरक्षक दयाल सरन श्रीवास्तव ने कहा कि आज समय की मांग है सभी संगठनों को एक मंच पर आना होगा। जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि संगत पंगत समाजहित के लिए कार्य कर रहा है व करता रहेगा। पदाधिकारीओ ने नवनिर्वाचित ऑडिटर



शिव शंकर श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह अंगवस्त्र भेट माल्यापर्ण कर जोरदार स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत शिव शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि आज कायस्थ समाज ने जो सम्मान दिया है उसका मैं आभारी हूं अधिवक्ता संघ ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे निष्ठापूर्वक पूरा करूँगा और पूरे जिले के अधिवक्ता समाज के मान सम्मान की लड़ाई लडूँगा। स्वागत समारोह में मनोज श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट अनिल श्रीवास्तव अनीश श्रीवास्तव अतुल श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव शिव शंकर श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव आर डी श्रीवास्तव विजय श्रीवास्तव राहुल श्रीवास्तव हरिशंकर श्रीवास्तव सुलभ श्रीवास्तव , पंकजश्रीवास्तव दयाल श्रीवास्तव मनोज श्रीवास्तव दीपक श्रीवास्तव पत्रकार अनुपम श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव पत्रकार दया शंकर श्रीवास्तव शिव शंकर श्रीवास्तव महेंद्र गुप्ता , अरविंद सिंह एडवोकेट राहुल सिन्हा राकेश श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव महिला जिलाध्यक्ष डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# सैय्यद जावेद आब्दी का बयान कहा यही एकता रही तो 2024 में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने में कोई कसर बाकी नहीं रहेगा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सैय्यद जावेद आब्दी ने कहा कि मैनपुरी की जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया विपक्ष की एकता अगर रही तो 2024 में भाजपा की मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रहेगी वह जिला पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। मौलाना जावेद आब्दी ने कहा कि आज जिस तरह से बंगाल बिहार और उत्तर प्रदेश ने पूरी ताकत के साथ भाजपा का सूपड़ा साफ करने का इरादा किया है उसे यह बात साबित हो रही है की 2024 में भाजपा की मोदी सरकार के अब कुछ ही दिन बाकी रह गया है। जावेद आब्दी ने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता है क्योंकि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आज पूरा विपक्ष आगे बढ़ रहा है अपने चाचा शिवपाल यादव की पार्टी का विलय सपा में करवा कर जो सम्मान दिया उससे भाजपा के पैरों तले जमीन खिसक ती हुई भी नजर आ रही है ।प्रदेश में जीएसटी के नाम पर अधिकारियों के द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न हो रहा है उन्होंने कहा कि आज पूरा प्रदेश त्राहिमाम कर रहा है और व्यापारियों




के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय नमक लगाने का काम प्रदेश की भाजपा सरकार जीएसटी के छापे के द्वारा कर रही है। जावेद आब्दी ने कहा कि रामपुर उपचुनाव ने एक नया तरीका हम लोगों को बताया किस तरह से हम लोग अपने बूथ को मजबूत करें, और लाठी–डंडे के दम पर लोकतंत्र पर कब्जा करने वालों को कैसे जवाब दिया जाए, यह हम लोग आने वाले चुनाव में बताएंगे ।इससे पूर्व जावेद आब्दी का पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने जोरदार स्वागत किया मुख्य रूप पूर्व विधायक अरशद खान श्याम बहादुर पाल,,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, पूनम मौर्या, श्रवण जयसवाल, रुक्सार अहमद, अनवारुल गुड्डू,शहंशाह आब्दी,अलमाश सिद्दीकी,अली मंजर डेजी, शाहनवाज सभासद,मजहर आशीफ, आदि।

# समोधपुर पीजी कॉलेज में मनाई गई महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पीजी कालेज समोधपुर जौनपुर में दिनांक 11/12/2022 रविवार को तमिल महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जन्म–जयंती मनाई गई ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इसमें



शिक्षक, छात्र– छात्राएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित हुए । संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर आर.सी.सिंह ने महाकवि सुब्रमण्यम स्वामी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने बताया कि महाकवि भारती का तमिल, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, बंगाली आदि भाषाओं पर अधिकार था । पद्य और गद्य में कई कृतियों का प्रणयन किया । उन्होंने अनेक समाचार पत्रों के सम्पादन भी किए जिनमें 'स्वदेश मित्रम', 'इंडिया', 'बाला भारतम' आदि प्रमुख हैं । राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि कवि सुब्रमण्यम ने स्वतंत्रता आंदोलन से प्रेरित होकर कई रचनाएँ लिखीं जिसका परिणाम यह हुआ कि दक्षिण भारत के आम जन भी आजादी के संग्राम में सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए । हिंदी विभागाध्यक्ष श्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि तमिल महाकवि ने 40 वर्ष की अल्पायु में ही काव्य सृजन के साथ साथ समाज सुधार के लिए बहुत से कार्य किए । उन्होंने जाति निषेध, बाल विवाह निषेध आदि उत्कृष्ट कार्य किए । कार्यक्रम का संचालन डॉ आलोक प्रताप सिंह विसेन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ लालमणि प्रजापति ने किया । इस अवसर पर डॉ नीलमणि सिंह, डॉ इंद्र बहादुर सिंह, श्री विकास कुमार यादव व अन्य शिक्षकगण तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# सब जूनियर बालिका स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु 13 दिसंबर 2022 को होगा जनपदीय चयन परीक्षण

जौनपुर सू.वि. : खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ एवं उ0प्र0 वॉलीबाल संघ के संयुक्त समन्वय से क्रमशः प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 17 से 20 सितंबर, 2022 तक गोरखपुर में एवं प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका वालीबॉल का आयोजन 18 से 21 दिसंबर 2022 तक पीलीभीत में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में सब जूनियर बालक स्टेट वॉलीबाल प्रतियोगिता एवम सब जूनियर बालिका स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु जनपदीय चयन परीक्षण दिनांक 13 दिसंबर, 2022 को पूर्वान्ह 11बजे किया जायेगा। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के संयुक्त समन्वय से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक व बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता 17 से 19 दिसंबर 2022 तक अयोध्या में आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता हेतु जनपदीय चयन परीक्षण 13 दिसंबर 2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे आयोजित किया जा रहा है। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही मण्डल स्तरीय चयन परीक्षण में सम्मिलित हो पायेंगे। उक्त सभी खेलों का मंडलीय चयन परीक्षण 15 दिसम्बर 2022 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से सिगरा स्टेडियम वाराणसी में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र तैयार कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं। पात्रता प्रमाण के साथ आधार कार्ड एवं जन्म तिथि प्रमाणित की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें एवं मूल प्रति अपने साथ लेकर अवश्य आयें। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, जौनपुर में सम्पर्क किया जा सकता है। उक्त जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतुल सिन्हा ने दी है।

# देवांश हॉस्पिटल में निःशुल्क निसंतान निवारण कैंप का हुआ आयोजन

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।जनपद अयोध्या में देवकाली स्थित हनुमान मंदिर के पीछे आदर्श पुरम कॉलोनी मे देवांश हॉस्पिटल मे निसंतान महिलाओं के लिये निसंतान निवारण कैंप का आयोजन किया गया। ये कैम्प



सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगा। जिसमें केजीएमयू लखनऊ की मशहूर आई.वी.एफ. विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ पूजा गुप्ता ने निसंतान महिलाओं को I.V.F के बारे में जानकारी दी की आईववीवएफव क्या है। कृत्रिम गर्भाधान के द्वारा आई.वी.एफ. विधि से निसंतान महिलाएं अब माता पिता बन सकेंगे। वहीं इस कैंप में निःशुल्क जांच कर निःशुल्क उपचार व किया गया। इस कैंप में देवांश हॉस्पिटल की डॉक्टर साक्षी त्रिपाठी, लखनऊ केजीएमयू की आई.वी.एफ. विशेषज्ञ डा0 पूजा गुप्ता, और देवांश हॉस्पिटल के समस्त स्टॉप मौजूद रहे। इस कैंप का मेन उद्देश्य निसंतान निवारण कैम्प है।

# विदेश में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर

जौनपुर सू.वि. : जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि भारत के कार्यबल को कुशल बनाकर अन्तराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने हेतु भारत सरकार स्किल इण्डिया मिशन के तहत स्किल इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर (SIIC) वाराणसी आपको देता है, विदेशों में रोजगार के विभिन्न अवसर जिसमें आपको आकर्षक वेतन, निःशुल्क आवास, ट्रांसपोर्ट एवं स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। दुबई, अबूधाबी, सारजाहॅ, सऊदी अरब, आदि देशों में इलेक्ट्रशियन, फिटर, हेल्पर, क्लीनर, माली, ए0सी0 ट्रेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वेटर, मैकेनिकल ड्राफ्ट्रसमैन, मेसन, ड्राईवर, इत्यादि जॉब रोल्स की मॉग है। ऐसे उम्मीदवार जिनकी शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल पास एवं आई0टी0आई0 या डिप्लोमा धारित है, एवं सम्बन्धित जॉब रोल्स में 03 से 05 वर्ष का अनुभव तथा 21 से 35 वर्ष की आयु है, वे आवेदन कर सकते है। पासपोर्ट धारित उम्मीदवार को आवेदन में वरीयता दी जायेंगी। विदेशों में रोजगार पाने के इच्छुक योग्यताधारी उम्मीदवारों की एक प्री–कॉउन्सिलिंग (SIIC) वाराणसी के टीम द्वारा की जायेंगी। अतः जनपद के इच्छुक योग्यताधारी उम्मीदवार अपनी सी0वी0/रिजूम के साथ 14 दिसम्बर 2022 को राजकीय आई0टी0आई0 करौंदी वाराणसी के परिसर में प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह् 3:00 बजे तक प्री–कॉउन्सिलिंग हेतु प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# जनक कुमारी इंटर कॉलेज में उत्साह पूर्वक मनाया गया महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती का जन्मदिन

जौनपुर सू.वि. : भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में जनक कुमारी इंटर कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती का जन्मदिन उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद जौनपुर के जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव रहे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि हमारे मुख में जो जिह्वा है वही हमारी भाषा का स्रोत है, भाषा लोगों को जोड़ने का भी माध्यम है। भाषा के विकास को हम सुदृढ़ एवं समृद्ध नहीं बना पा रहे हैं कई ऐसे व्यक्ति हैं जो इस को सुदृढ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं इन्हीं में से एक थे सुब्रह्मण्यम भारती जिन्होंने अनेक भाषाओं पर अल्प समय में ज्ञान प्राप्त किया। सुब्रमण्यम भारती एक समाज सुधारक, चिंतक, स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले एवं महा कवि थे ।इनके जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए ऐसा माना जाता है कि इन्होंने उत्तर भारत और दक्षिण भारत को जोड़ने के लिए एक सेतु का कार्य किये, क्योंकि बाद में उनका कुछ समय वाराणसी व इलाहाबाद में व्यतीत किया। कार्यक्रम में जनपद के अनेक विद्यालय के छात्र–छात्राएं अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे। सुब्रमण्यम भारती के जन्मदिन पर जनक कुमारी इंटर कॉलेज, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जौनपुर के छात्र छात्राओं एव अध्यापक अध्यापिकाओं




ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। जैसा कार्यक्रम का नाम भारतीय भाषा उत्सव तो उपस्थित लोगों में अनेक लोगों ने अलग–अलग भाषाओं में भी अपने विचार व्यक्त किए। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की डॉक्टर सूचि श्रीवास्तव ने संस्कृत में, श्रीमती आदर्श वर्मा अंग्रेजी में, मोहम्मद हसन इंटर कालेज के अनवर अल्वी उर्दू में अपने विचार व्यक्त किए। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ जंग बहादुर सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया एवं सुब्रमण्यम भारती के जीवन चरित्र से उनके मार्ग पर चलने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में मोहम्मद हसन इंटर कालेज के अनवर अल्वी, अनुपम सिंह, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की आदर्श वर्मा, डॉ० सूचि श्रीवास्तव एवं जनक कुमारी इण्टर कॉलेज के अध्यापक जवाहर सरोज, विजेंद्र प्रसाद, संजय सिंह, मोहम्मद जकरिया तेज बहादुर प्रजापति, आरती श्रीवास्तव, संयुक्त लता श्रीवास्तव, सुहासिनी मिश्रा व अनेक अन्य अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जनक कुमारी इंटर कॉलेज के अध्यापक विपनेश कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को व्यापारियों की समस्या बताई तथा सौंपा ज्ञापन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी से उन्के सरकारी निवास पर मिला उनसे मुलाकात की तथा उत्तर प्रदेश में जी एस टी विभाग द्वारा व्यापारियों के वहां जनरल सर्वे छापे किये जाने की समस्या बताई व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने भा जा पा प्रदेश अद्यक्ष को अवगत कराते हुए कहा प्रदेश में जनरल छापो की वजह से प्रदेश के विभिन्न जिलो के व्यापारियों में भय की स्थिति है तथा व्यापारी छापे के डर से दुकानें बंद कर रहे हैं जोकि उचित नहीं है उन्से विषय का संज्ञान लेते हुए हस्तक्षेप करते हुए तत्काल जनरल सर्वे छापे रोकने की मांग की उन्होंने कहा यदि किसी व्यापारी की शिकायत हो



उसके वहां ही केवल जांच होनी चाहिए। संजय गुप्ता ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारियों का सहयोग करने का वादा किया तथा किसी भी प्रकार का उत्पीड़न ना होने देने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल मंडल में कमल अग्रवाल, ब्रह्म प्रकाश अवस्थी, डॉक्टर साकेत चतुर्वेदी, मोहित कपूर शामिल थे।

# निकाय चुनाव तैयारी को लेकर अपना दल एस ने किया बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपना दल यस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक बदलापुर विधानसभा अंतर्गत बदलापुर टाउन एरिया मे राजेश सैनी के आवास पर निकाय चुनाव की तैयारी की समीक्षा की गई ।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवनाथ पटेल ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली उपस्थित हुए। बैठक की समीक्षा करते हुए पप्पू माली ने कहा कि आगामी निकाय चुनाव अपना दल एस पार्टी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है इस चुनाव के माध्यम से हम अपने संगठन को शहर से गांव तक विस्तार करने का मौका प्राप्त होगा इसलिए हमारे कार्यकर्ता पदाधिकारी निकाय निकाय चुनाव में बहुत ही मजबूती के साथ संगठन विस्तार हेतु कार्य कर रहे हैं अभी पिछले माह से चलाए जा रहे पार्टी का विशेष सदस्यता अभियान बेहद ही सफल रहा हमारे पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी का जो लक्ष्य था कि हमारे पार्टी की सदस्यता लक्ष्य एक करोड़ पार हो हम सब उस के बेहद करीब पहुंच चुके हैं और एक करोड़ पार अपना दल एस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों की संख्या दिसंबर तक पूरी हो जाएगी हमारे पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी का प्रयास है कि निकाय चुनाव में भी एनडीए अपना दल गठबंधन बरकरार रहे और गठबंधन के तहत निकाय चुनाव में भी अपना दल के प्रत्याशी चुनाव में उतरे यदि किसी कारण बस हमारे पार्टी का गठबंधन भारतीय जनता पार्टी एनडीए से नहीं होता है तो इस स्थिति में हमारी तैयारी पूरी है और हम प्रदेश के सभी जगहों पर अपने प्रत्याशी उतारेंगे और मजबूती के साथ हमारे कार्यकर्ता चुनाव लड़ कर अपना विजय पताका फहराया हम जनपद के सभी टाउन एरिया नगरपालिका एवं सभासद के लड़ने वाले कार्यकर्ता पदाधिकारियों से बायोडाटा प्राप्त कर रहे हैं 15 तारीख



तक बायोडाटा लेकर प्रदेश कार्यालय में भेज दिया जाएगा और वहां से प्रत्याशी का चयन होगा इसलिए हम अपने सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों से अनुरोध करते हैं कि जो भी कार्यकर्ता पदाधिकारी निकाय चुनाव लड़ना चाहता है वह अपना बायोडाटा आवेदन पार्टी कार्यालय एवं जिला अध्यक्ष के पास 15 दिसंबर तक हर हाल में जमा कर दें नहीं तो 15 दिसंबर के बाद आवेदन नहीं लिया जाएगा बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शिवनाथ पटेल जी ने कहा कि निकाय चुनाव में हमारी तैयारी पूर्ण रूप से हो चुका है हम तैयार हैं और अपने संगठन अपने कार्यकर्ताओं की बल पर निकाय चुनाव में भी हमारी पार्टी जीत सुनिश्चित है श्रीमती अनुप्रिया पटेल के चेहरों पर हम जनता के बीच में जाएंगे कार्यक्रम का संचालन व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष अनिल जायसवाल ने किया कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य रूप से अंबिका प्रसाद मौर्या जी राजेश माली जी रामसुंदर गॉड अवधेश पटेल सरस्वती माली राजेश सोनकर जी संजय गौतम रामचंद्र जायसवाल रमेश मोदनवाल संजय बेन बंसी जी केशव पटेल बाबा पटेल अवधेश पटेल संजय निषाद रामचंद्र भजन मनोज दुबे जी राहुल सिंह मनोज पटेल आदि लोग उपस्थित हुए।

# कुएं में तेंदुआ गिरनें से मचा हड़कंप : रेस्क्यू में जुटी वन विभाग की टीम

बागपत ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के बागपत में सोमवार सुबह बिनौली थानाक्षेत्र के रंछाड़ गांव के जंगल में कुएं में सोमवार की सुबह एक तेंदुआ गिर गया। इस दौरान तेंदू की आवाज सुनकर ग्रामीण कुंए के नजदीक पहुंचे तो तेंदूएं को देख सन्न रह गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। सूचना पर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को निकालने में जुट गई है। उधर तेंदुए के कुंए में गिरने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। काफी संख्या में लोग तेंदुए को देखने के लिए दौड पडे। उधर ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस बल भी मौके पर



पहुंच गया जो भीड को रोकने का काम कर रहा है। रंछाड गांव के जंगल में रणवीर का कुआं है, जो काफी समय से खराब पड़ा हुआ है। सोमवार की तड़के खेत में जा रहे कुछ किसानों को कुएं में कुछ आवाज सुनाई दी तो वे कुंए में झांके तो कुएं में तेंदुए को देख के सन रह गए। सूचना पर काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और देखते–देखते वहां पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी गई ।सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी रविकांत चौधरी, वन दरोगा चंद किरण शर्मा, वनरक्षक संजय कुमार सहित अन्य मौके पर पहुंचे और कुंए से तेंदुए को निकालने में जुट गए। उधर, कुंए में तेंदुए के गिरने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। लोग तेंदुए को देखने के लिए रंछाड गांव की ओर दौड़ पड़े। भीड़ को देख स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंच गया, जो भीड को रोकने का काम कर रहा है।

# के आर सी ग्रुप की तरफ से सैकड़ो लोगो को किया गया कंबल वितरण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता अयोध्या)के आर सी ग्रुप परानापुर की तरफ से शनिवार को सैकड़ो लोगो को कंबल वितरित करते हुए जिला अस्पताल अयोध्या में भी वार्डो में जाकर मरीजों का सम्मान किया गया । इस अवसर पर सोहावल छेत्र के परानापुर निवासी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अखलेश दुबे के आवास पर शनिवार को भारी संख्या में दर्जनों गावो के काफी लोगो की मौजूदगी रही।इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अखलेश दुबे द्वारा अपनी माता कलावती जी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में श्री दुबे के बड़े भाई और भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर भाजपा नेता और वरिष्ठ समाजसेवी शोभनाथ दुबे पप्पू ने माता कलावती जी के चित्र पर माला अर्पित करते हुए सजल नेत्रों से अपनी माता और को इस अवसर पर भावुक होकर याद करते हुए दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस अवसर पर शोभनाथ दुबे पप्पू ने अपने कर कमलों से सैकड़ो लोगो को कंबल वितरित करते हुए अपनी स्वर्गीय माता जी को नमन करते हुए इस तरह से पुनीत कार्य करते हुए अपने परिजनों के साथ सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया । इस अवसर पर शोभनाथ दुबे उर्फ पप्पू दुबे ने कहा कि आज उनकी माता जी भले ही इस दुनिया में नहीं है लेकिन उनका आशीर्वाद और समाज के हर वर्गो के लोगो की सच्ची मन से सेवा करने का जो जज्बा रहा है उससे हम सभी परिवार के लोगो को प्रेरणा मिली और हम लोग इस तरह के पुनीत कार्य करके अपने माता पिता के समाज के सभी वर्गो की सेवा करते है । इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता और छेदीराम नरेश चौरिटेबल ट्रस्ट के एमडी अखलेश दुबे ने बताया कि आज इस अवसर पर भले ही मैं इस कार्यक्रम में नहीं शामिल हो पा रहा हूं लेकिन मेरी पूजनीय माता जी के सपनो को इस तरह के कार्य करके अपने आप को मैं और मेरा पूरा परिवार धन्य समझते है कि आज हम सभी लोग जिस भी मुकाम पर है वह हमारी माता पिता का अथाह प्रेम सहयोग और आशीर्वाद अनवरत हम सभी लोगो पर जीवन पर्यंत बना रहा है । उन्होंने कहा कि हम सभी परिवार के लोगो ने पूरी निष्ठा के साथ अपनी पूज्यनीय वंदनीय स्व माता जी और आदरणीय स्व पिता जी के जीवन संघर्ष और बिना किसी भेदभाव के समाज के लोगो की सच्ची मन से सेवा करने का कार्य करके हम लोग अपने आप को बहुत धन्य समझते है कि हम लोग इस तरह के कार्य करके अपना सौभाग्य स्वरूप अपने माता पिता का आशीर्वाद मानते है । इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक आज अखबार के अयोध्या जनपद के चीफ ब्यूरो धर्मपाल सिंह और दैनिक आज अखबार के अयोध्या जिला संवाददाता अमित कुमार यादव को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता और छेदी राम नरेश चौरिटेबल ट्रस्ट के एमडी अखलेश दुबे के द्वारा प्रदत्त कीमती शाल को वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी शोभनाथ दुबे पप्पू और उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमित दुबे अधिवक्ता अभिषेक दुबे आदर्श दुबे कान्हा दुबे अधिवक्ता उमेश दुबे पिलखावा प्रधान प्रतिनिधि शत्रोहन वर्मा राकेश कुमार उर्फ लालू भाई इंद्रजीत दिलीप शुक्ला आशीष शुक्ला अनूप पांडेय नकुल समेत अन्य कई लोगो ने सम्मानित किया । इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में दर्जनों गावो के लोगो की मौजूदगी रही। जिला अस्पताल अयोध्या में के आर सी ग्रुप के सभी पदाधिकारियों ने जाकर सभी वार्डो में मरीजों को इस अवसर पर सम्मानित किया और फल वितरित किया । इसी कड़ी में श्री दुबे जी की पूज्यनीय माता जी जिस प्राथमिक विद्यालय परानापुर गांव के विद्यालय में। शिक्षिका रही उस विद्यालय के मौजूद सभी बच्चों को पेयजल के लिए थर्मस का भी वितरण किया गया।

## महंत राजू दास ने किया स्मारिका अयोध्या मिशन का विमोचन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक शहर के हैदरगंज मोहल्ले में स्थित श्री चित्रगुप्त शिव मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन दस दिसंबर शनिवार को सांय चार बजे किया गया। इस मौके पर स्थानीय लोगों के अलावा दूरदराज से आये संगठन के पदाधिकारियों के अलावा कई चित्रांश बंधु मौजूद रहे। इस मौके पर शाम को स्मारिका अयोध्या मिशन का विमोचन मुख्य अतिथि के रुप में आये हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास ने किया।वही इसी कड़ी में उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित भवन निर्माण के लिये आधारशिला रखा।इसके बाद प्रसाद वितरण के अलावा भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इसी कड़ी में इस मंदिर का शिलान्यास भी किया गया।इस मौके पर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, सतीश सहाय, चित्रांश




सेवा ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष कैलाश लाल श्रीवास्तव, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव,हरि मोहन, चित्रांश सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चन्द्र श्रीवास्तव, अरविंद व्यास, वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, शैलेश कुमार श्रीवास्तव, आनंद कुमार श्रीवास्तव,आलोक श्रीवास्तव, सोमनाथ श्रीवास्तव, सुनील कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारी व महिला भारी संख्या में मौजूद रही।

# गलत नंबर प्लेट के दुरुपयोग पर एसएसपी की पैनी नजर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अब उन वाहन चालकों की खैर नहीं है जो अपने अपने वाहनों के नंबर प्लेट का गलत दुरुपयोग कर रहे है।अब इन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज के दिशा निर्देश पर उनके अधीनस्थ सभी पुलिस कर्मी शिकंजा कसने में जुटे है। शनिवार की देर शाम एसएसपी मुनिराज के दिशा निर्देश पर



शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये पुलिस अधीक्षक मधुवन कुमार सिंह ने सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों के सिविल लाइन से चौक तक पैदल मार्च किया।वही इसी कड़ी में उनके निर्देश पर सीओ यातायात प्रमोद कुमार यादव व यातायात निरीक्षक आशुतोष शुक्ला ने भी अपने अधीनस्थ यातायात कर्मियों के साथ शहर के विभिन्न चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।शनिवार को पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने उन वाहनों का चालान कराया जिन्होंने अपने वाहन के नंबर प्लेट पर पुलिस, पत्रकार,पद नाम, उत्तर प्रदेश सरकार सहित अन्य संस्थाओं व पदो का नाम अंकित कराकर उसका दुरुपयोग किया था।इसके अलावा वाहन चेकिंग करते समय दुकानो के सामने सड़कों पर जाम किये चार पहिया वाहनों व दो पहिया वाहनों का चालान किया।इस मौके पर इधर से गुजर रहे वे वाहन चालक जो मोबाइल व एयरफोन पर बाते करते हुये दिखाई दिये उन पर भी शिकंजा कसा।वही पुलिस कर्मियों व यातायात कर्मियों ने संयुक्त रुप से रिकाबगंज चौराहा,सिविल लाइन के साथ साथ चौक, शांति चौक रायबरेली रोड, फतेहगंज,साहबगंज, देवकाली तिराहा, देवकाली बाईपास,नाका देवकाली,सहादतगंज, गुदड़ी बाजार,रीडगंज सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के अभाव में चलान किया। इस मौके पर इन अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुये कहा कि आप सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें। वाहन चलाते समय आप सभी अपने अपने वाहनों से संबंधित कागजात अपने पास रखें व दो पहिया वाहन चालक हेलमेट व चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।इससे आप जहां एक ओर किसी भी अनहोनी घटना से बचें वही दूसरी तरफ वाहन चेकिंग अभियान के समय यातायात नियमों का पालन करते हुये पाये जाने पर किसी भी समस्या से निजात पाये।

## मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों पर समाधान दिवस में आये मामले

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों इनायतनगर, खंडासा और कुमारगंज पर आयोजित थाना समाधान दिवस में 58 फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिनमें से आठ मामलों का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया।इस मौके पर इनायत नगर थाने पर क्षेत्राधिकारी आशीष निगम एवं प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह की मौजूदगी में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 22 लोगों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें से पांच मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। कुमारगंज थाने पर मिल्कीपुर एसडीएम अमित कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस में क्षेत्र से चौदह फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें तीन शिकायतों का निस्तारण तत्काल करा दिया गया। इसके अलावा खंडासा थाने पर मिल्कीपुर तहसीलदार हेमंत कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 22 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराई। जिनमें किसी मामले का निस्तारण नहीं किया जा सका। जिन मामलों का त्वरित निस्तारण नहीं हो सका। उन्हें निस्तारित किए जाने हेतु राजस्व एवं पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम गठित कर दी गई है।

# बीस साल बाद चाचा के गुमशुदगी की शिकायत पर सीओ सदर पर भड़कने का लगा आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सीओ सदर डा.राजेश तिवारी की अध्यक्षता में रौनाही थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आरोप के मुताबिक इस दौरान बीस साल बाद चाचा की गुमशुदगी लिखाने आए भतीजे पर सीओ भड़क उठे और शिकायत कर्ता के खिलाफ ही केस दर्ज करने का निर्देश दे दिया।समाधान दिवस के दिन रौनाही थाने पर सीओ सदर डा.राजेश तिवारी व एसडीएम सोहावल मनोज श्रीवास्तव सहित दोनों अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान ग्राम सारंगापुर निवासी करीब चालीस वर्षीय युवक इंद्र बहादुर ने शिकायत किया कि साल 2003 में 14 जनवरी को सुबह घर से निकलकर खेतों की तरफ गए उसके चाचा ईश्वरी प्रसाद पुत्र स्व.दुखी प्रसाद लापता हो गए। काफी खोजबीन और गुमशुदगी की शिकायत करने के बावजूद उसके चाचा का अभी तक नही मिले। भतीजे ने कहा कि वह अपने अविवाहित चाचा की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग करने आया है। सीओ ने शिकायत कर्ता से कहा कि अब तक उसने गुमशुदगी की रिपोर्ट क्यों नही दर्ज कराई। जबकि सात साल बाद भी गुमशुदगी दर्ज करवाकर कर कार्यवाही की मांग की जा सकती है। लेकिन बीस साल बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाने की मांग पर अविवाहित चाचा की संपत्ति पाने की लालसा की साजिश नजर आ रही है। इस दौरान मौके पर मौजूद सत्ती चौरा चौकी प्रभारी रविश कुमार ने बताया कि लापता ईश्वरी प्रसाद के दो अन्य भाई है। इस दौरान लापता चाचा की जमीन पर दूसरे चाचा के बेटों की कब्जेदारी बताई गई। मामला संपति पर कब्जा पाने का लगा। इस पर सीओ राजेश तिवारी भड़क उठे और शिकायत कर्ता के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस पर सीओ ने मौके पर मौजूद महिला लेखपालों से उनके कार्यक्षेत्र के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान भूमि पैमाईस सहित अन्य कार्यों में महिला लेखपालों के प्रति किसी प्रकार की अभद्रता पर त्वरित मुकदमा दर्ज करने का निर्देश थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह को दिया। सीओ ने कहा कि सरकारी कर्मचारी चाहे जिस विभाग का हो। किसी व्यक्ति द्वारा पुलिसकर्मी या राजस्वकर्मी के साथ मारपीट या अभद्रता की शिकायत मिलती है। तो तुरंत एफआईआर दर्ज कर सख्त कारवाही की जाएगी। इस दौरान कुल 27 प्रार्थना पत्र आए। मौके पर दो का निस्तारण करवा दिया गया। इस अवसर पर एसएसआई सुहैल खान, एसआई रमेश कुमार सहित तहसील के राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# सीएमओ ने मिल्कीपुर व हरिंग्टनगंज सीएचसी का किया निरीक्षण : दर्जनों कर्मी रहे नदारद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तहसील मिल्कीपुर क्षेत्र के दो सीएचसी का सीएमओ ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक दर्जन कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।जिस पर सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षकों को जमकर फटकार लगाई साथ ही सीएमओ ने मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा के साथ जिला सर्विलांस अधिकारी डा. राजेश चौधरी ने सीएचसी हैरिंग्टनगंज एवं सीएचसी मिल्कीपुर का निरीक्षण किया। सीएमओ ने सीएचसी पर इलाज के लिए आए मरीजों को बेहतर इलाज, दवाओं और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और स्टाफ के व्यवहार की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनता को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता के लिए सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षकों, हॉस्पिटल में तैनात चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा समय से उपस्थिति और दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता, लैब जांच सेवाएं, प्रसव सेवाएं, परामर्श सेवाएं एवं इमरजेंसी सेवाएं दुरुस्त रखने और इलाज के लिए आने वाले सभी मरीजों को एक समान सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षकों को यह भी निर्देश दिया कि आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जो भी शिकायत हो उसे सुने और समय से निस्तारण भी करें।सीएचसी हैरिंग्टनगंज के भ्रमण के दौरान निर्मला शर्मा बीएएम, अवधेश कुमार डीईओ, डॉ अनुपमा सिंह चिकित्सा आयुष, रेनू वर्मा एक्स–रे टेक्निशियन, प्रतीक दुबे बीएचडब्ल्यू, अनुपस्थित पाए गए। वहीं सीएचसी मिल्कीपुर में भ्रमण के दौरान डॉ. एएच किदवई अधीक्षक, डॉ. पवन कुमार मौर्य एमओ , समरजीत बीपीएम, शिव कुमार मौर्य एलटी, आशीष शुक्ला डीआरए, प्रकाश अवस्थी डेंटल हाइजीनिस्ट एवं जोखन प्रसाद मिश्रा फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस अनुपस्थिति को लेकर कड़ी नाराजगी जताई और चिकित्सा अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश दिया कि भविष्य में ऐसा नहीं होना चाहिए। यदि कोई चिकित्सक या स्टॉफ बिना अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित पाया जाये तो तत्काल स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए कार्यवाही की जाय। यदि अधीक्षक कार्यवाही नही करते हैं तो ऐसी स्थिति में अधीक्षक के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी।

# विशाल गंगा महोत्सव समारोह

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : श्री मा गंगा सेवा समिति के तत्वावधान मे 25 दिसम्बर को विशाल गंगा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्थापक अरूण चैतन्य पुरी महाराज ने



अपने सम्बोधन मे कहा कि परम पूज्य श्री नेपाली बाबा की 45 वा स्मृति के अवसर पर सिद्ध नाथ घाम ,जाजमऊ मे हर वर्ष की भांति मां गंगा का महाअभिषेक, सहस्राचरन व मां गंगा को चुनरी चढाई जायेगी, शाम को भजन संध्या, विराट मंगल महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर से ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस पत्रकार वार्ता मे प्रमुख रूप से गोल्डन मैन मनोज शुक्ला,शरद प्रकाश अग्रवाल, अशोक भाटिया,राजीव मिश्रा, अमित साहू,शिव प्रताप सोनी,पिल्लू ठाकुर, मोनू गुप्ता ,किरन पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# राम की पैड़ी को दिया जाएगा स्टेडियम का स्वरूप

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता अयोध्या)राम की पैड़ी को नये तरीके से संवारने की कवायद भी शुरू हो गई है, राम की पैड़ी को स्टेडियम का स्वरूप दिया जाएगा। इसमें 15 से 20 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। साथ ही राम की पैड़ी के रास्ते को भी चौड़ा किया जाएगा। इस योजना को मूर्त रूप देने में 18 करोड़ 68 लाख 22 हजार रुपये का खर्च आएगा। शासन ने इसके लिए हरी झंडी दे दी है। शासन की ओर से अधिकृत एजेंसी के आर्किटेक्ट ने अधिशासी अभियंता सरयू नहर जय सिंह के साथ राम पैड़ी का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता जय सिंह ने बताया कि पूर्वी छोर पर बॉर्डर पिचिंग स्थल पर स्टेडियम के स्वरूप में दर्शक दीर्घा का निर्माण कराया जाएगा। लता मंगेशकर चौक से लेकर सरयू पुल के पश्चिम घाट के अंतिम छोर तक दर्शकों के बैठने के लिए सीढ़ियां बनवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इसकी क्षमता 15–20 हजार दर्शकों की होगी। इस दर्शक दीर्घा के अतिरिक्त पश्चिम घाट से राम पैड़ी जाने वाले मार्ग को भी टू–लेन बनाया जाएगा। वर्तमान में टू–लेन है और मध्य में डिवाइडर लगा है, लेकिन यह रास्ता सकरा है और गाड़ियां यू–टर्न नहीं ले पाती है, जिसके कारण रास्ते को अधिक चौड़ा कर डिवाइडर के अंतिम छोर पर यू–टर्न की व्यवस्था बनाई जाएगा।

# शिक्षक संकुल कार्यशाला का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के न्याय पंचायत अलावल पुर की मासिक कार्यशाला प्राथमिक विद्यालय सूखा पुर इटौरा में शिक्षक संकुल दीक्षा पटेल के द्वारा बैठक के एजेंडा के साथ शुरुआत हुई।इस कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना के साथ हुई। इस मौके पर एस आर जी डॉक्टर अंबिकेश त्रिपाठी ने सीखने में पीछे रह गए बच्चों को निपुण लक्ष्य हासिल कराने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।वही ए आर पी गंगा राम मौर्य ने गणित किट के माध्यम से स्थानीय मान की अवधारणा विकसित की तथा घड़ी के मॉडल से घण्टे और मिनट पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला में राज्य संसाधन समूह के सदस्य डॉ अंबिकेश त्रिपाठी , ए आर पी डॉ रंजीत सिंह,गंगाराम मौर्य, कृष्ण प्रताप सिंह के अलावा सभी एआरपी सुरभि पांडेय शिक्षक संकुल, अंजनी कुमार सिंह, राम गोपाल मौर्य, सुरेन्द्र कुमार पांडेय एवं उपस्थित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने निपुण लक्ष्य की संप्रति हेतु किए गये नवाचार इत्यादि पर सभी ने




अपने–अपने विचार व्यक्त किये।कार्यशाला का संचालन गायत्री मौर्य एचटी ने किया।

# गरीब बेटी के विवाह में खाकी वाले गुरुजी ने पहुंचाई मदद

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।जनपद अयोध्या के जयसिंहपुर वार्ड निवासी एक गरीब परिवार की बेटी में डीआईजी रेंज अयोध्या कार्यालय में नियुक्त सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव खाकी वाले गुरुजी ने गृहस्थी का सामान देकर मदद किया। दिनांक 11 दिसंबर 2022 दिन रविवार को अयोध्या के जयसिंहपुर वार्ड निवासी ओमप्रकाश के बिटिया तिरंगा की शादी पड़ोसी मुनक्का के लड़के कोचन से हो रहा था। ओमप्रकाश की माली हालात ठीक नहीं है इसकी जानकारी जयसिंहपुर वार्ड में गरीब असहाय बच्चों के लिए निःशुल्क अपना स्कूल चलाने वाले खाकी वाले गुरुजी सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव को हुआ तो अपने सहयोगी ऋषभ शर्मा उर्फ शिवा को साथ लेकर पूरे साजो सामान के साथ गरीब बिटिया कुमारी तिरंगा के द्वार पर अपनी मोटरसाइकिल से जा पहुंचे। वर्दी में उपहार का सामान लेकर पहुंचे दरोगा को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी।घर पर दूल्हा कोचन अपने बारातियों के साथ ढोल नगाड़े के साथ पहुंच गया था। रणजीत यादव ने दुल्हन बनी बिटिया तिरंगा को साड़ी, गर्म साल, चूड़ी, शीशा–कंघी और सुहाग का सामान, मिठाई तथा घरेलू सामान में स्टील की एक बाल्टी, एक जग, दो थाली, 2 गिलास,2 कटोरी,2चम्मच तथा दूल्हे कोचन को शर्ट–पैंट, मिठाई गरम साल प्रदान



कर विवाह की बधाई देते हुए सुखमय जीवन के लिए आशिर्वाद प्रदान किया। खाकी के इस कार्य को देखते हुए रास्ते से जा रहे हैं अनजान राहगीर ने मोटरसाइकिल खड़ी करके गरीब बिटिया को 501रुपया देकर आर्थिक मदद पहुंचाई। बातचीत के दौरान पता चला कि वह व्यक्ति धीरेंद्र सिंह गोरखपुर से अयोध्या घूमने आए थे। घराती बने खाकी वाले गुरुजी को लड़की के पिता ओमप्रकाश ने मिठाई खिलाकर स्वागत सत्कार किया। सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव के इस नेक कार्य में पुलिस अधीक्षक कार्यालय अयोध्या में नियुक्त कर्मचारी बलराम, अयोध्या के निशानेबाजी के खिलाड़ी फुजैल तथा राजकुमार बर्तन स्टोर ने अपना सहयोग दिया।

## प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में जुलूस के साथ पहुंचे जीत प्रताप सिंह

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज कानपुर स्थित S-D कॉलेज में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन भाजपा द्वारा किया गया जिसमे मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय श्री योगी आदित्यनाथ जी की आपस्थिति रही। उपरोक्त कार्यक्रम में जीत प्रताप सिंह जी (वरिष्ठ भाजपा नेता) के नेतृत्व में कमानी बाग चौराहे से कार्यक्रम स्थल तक पैदल जूलूस बना कर 1000 कार्यकर्ताओ ने भाग लिया जिसमे कि मुख्य रूप से श्री कमल तिवारी जी, वरूण खन्ना जी, जया शुक्ला, दिगविजय सिंह, अजय भदौरिया , दिनेश सिंह, अरविन्द रावत, सौरभ गुप्ता , कज्ञल रीना एवं किरन जी,



अकिंत कैथल , सिद्धार्थ जोशी आदि उपस्थित रहे।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।